INDIAN SCHOOL SOHAR **SET -1**

PERIODIC TEST -1 (2017-18)

No. of printed pages -2

दिनांक : 21 -5-2017 विषय : हिन्दी (पाठ्यक्रम ब) पूर्णांक : 20

कक्षा : 10 समय : 40 मिनट

सामान्य निर्देश : 1 इस प्रश्नपत्र में कुल 9 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

3 प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रम से लिखिए।

प्रश्न - 1 अपठित काव्यांश :

आजादी रोटी नहीं, मगर, दोनों में को वैर नहीं,

पर कहीं भूख बेताब हु तो आजादी की खैर नहीं।

हो रहे खड़े आजादी को हर ओर दगा देनेवाले,

पशुओं को रोटी दिखा उन्हें फिर साथ लगा लेनेवाले।

इनके जादू का जोर भला कब तक बुभुक्षु सह सकता है ?

है कौन, पेट की ज्वाला में पड़कर मनुष्य रह सकता है ?

झेलेगा यह बलिदान , भूख की घनी चोट सह पाएगा ?

आ पड़ी विपद तो क्या प्रताप-सा घास चबा रह पाएगा ?

है बड़ी बात आजादी का पाना ही नहीं, जुगाना भी,

बलि एक बार ही नहीं, उसे पड़ता फिर-फिर दुहराना भी।

ऊपर दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न -क) कवि ने स्वतंत्रता और रोटी के बारे में क्या कहा है ? 1

प्रश्न -ख) कवि ने बड़ी बात किसे कहा है ? 1

प्रश्न - ग) काव्यांश का शीर्षक लिखिए। 1

प्रश्न -घ) कवि ने प्रताप के उदाहरण से क्या समझाना चाहा है ? 1

प्रश्न -2 नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित पदों के भेद लिखिए । **1**

i) छात्रों को <u>आलस्य</u> का त्याग करना चाहिए।

ii) <u>कदाचित</u> मीरा खाना नहीं खाएगी।

प्रश्न - 3 सौंदर्य शब्द को पद के रूप में प्रयोग करके लिखिए। **1**

प्रश्न - 4 निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए : **1**

आटे दाल का भाव मालुम होना

प्रश्न - 5 उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके खाली स्थान भरो : **1**

नौकर सेठजी के शयन कक्ष में   आया।

प्रश्न - 6 बड़े भाई साहब ने अंधे के हाथ बटेर लगने का मुहावरा किस संदर्भ में कहा ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए : **3**

प्रश्न - 7 कबीरदास जी ने हमारे आलोचक को हितकारी क्यों बताया है ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए : **3**

प्रश्न - 8 विद्युत प्रदाय संस्थान के मुख्य अभियंता को बिजली के बार-बार चले जाने की शिकायत करते हुए पत्र लिखिए : **3**

प्रश्न - 9 आप अपना घर किराये पर देना चाहते हैं इसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए : **3**